Guarantee for loans by KVIC

1691. SHRI SANATAN BISI: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) the names of the State Governments which have agreed to provide guarantee for loans by the Khadi and Village Industries Commission (KVIC) from the Consortium of Bank Credit; and

(b) what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRI M. ARUNACHALAM): (a) and (b) The issue regarding the State Government Guarantee to enable State KVIBs to avail of consortium credit had been discussed in the meeting of State Industry Ministers held on 14th June, 1995. In the said conference, most of the States had shown their willingness for providing the required guarantee. During the recent discussions held by KVIC with State KVI Boards for finalising their Budgets, representatives of KVI Boards from most of the States have conveved willingness of their State Governments to provide such guarantees. The required format for taking the guarantee has been finalished by KVIC and is being sent to State KVI Boards for obtaining State Government guarantee.

सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र में "कापार्ट" द्वारा ऋण दिया जाना

1692. **श्री राजूभाई ए. परमार :** क्या ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1990 से जून 1995 तक की अवधि के दौरान गुजरात, विशेषकर सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र में, "कापार्ट" द्वारा विभिन्न गतिविधियों के लिए दिए गये ऋणों और अनुदानों का ब्यौरा क्या है और ये संगठन कौन-कौन से है और उनके द्वारा आंरभ किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है,

(ख)इन संगठनों ने कितने व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराया है,

(ग) क्या इन संगठनों द्वार आंरभ किए गए कार्यों का कोई मूल्यांकन कराया गया है / कराया जाएगा,

(घ) यदि हां, तो तत्संबधी ब्यौरा क्या है, और

(ड.) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रायल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री उत्तमभाई पटेल): (क) से (ड.) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

जवाहर रोजगार योजना

1693. **श्री सुंदर सिंह भंडारी :** क्या ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) किन-किन राज्यों में जवाहर रोजगार योजना अभी तक लागू नहीं हो पाई है,

(ख) सरकार ने इस कार्यक्रम की सफलता हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रमों व पर्याप्त निगरानी के विषयों पर अभी तक कौन-कौन से सफल प्रयोग किये हैं, और

(ग) आठवीं पंचवर्षीय योजना के लिए आबंटित कुल राशि में से प्रति वर्ष कितनी राशि का उपयोग किया गया ?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री उत्तभाई एच.पटेल) : (क) जवाहर रोजगार योजना, जिसे 1989-90 से कार्यान्वित किया जा रहा है इसके आंरभ होने से ही सभी राज्यों में कार्यान्वित की जा रही है ।

(ख) जवाहर रोजगार योजना के अंतर्गत राज्य स्तर के संगठनों को शामिल करते हुए जिला/खंड/ग्राम पंचायत स्तर पर योजना के कार्यान्वयन में शामिल सरकारी और गैर सरकारी लोगों को प्रशिक्षण दिया जाना है । राज्य सरकारों को फील्ड स्तर पर जवाहर रोजगार योजना की देख-रेख करने वाले अधिकारियों के प्रशिक्षण हेतु भी कार्यशालाएं/कार्यक्रम आयोजित करने हैं । भारत सरकार भी काग्रक्रमों के कार्यान्वयन में विभिन्न संचलनात्मक ब्यौरों/कठिनाइयों का पता लगाने के लिए ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में शामिल परियोजना निदेशकों की प्रत्येक वर्ष कार्यशालाएं आयोजित करती है । जवाहर रोजगार योजना के निरन्तर चलने वाला कार्यक्रम है और मासिक,तिमाही और वार्षिक रिपोर्टों की मार्फत इसकी केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा बराबर निगरानी की जा रही है । इसके अतिरिक्त राज्य मुख्यालय जिला, उप प्रभाग और खंड स्तर के अधिकारी कार्यस्थलों का दौरा करके कार्यक्रम के सभी